<u>प्रेस के लिए सुचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 51/2021)</u>

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विविनियामक प्राधिकरण</u>

केबल टीवी सेवाओं में बाजार संरचना/प्रतिस्पर्धा पर परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए बढ़ाया गया समय

नई दिल्ली, 23 नवंबर 2021 - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 25 अक्टूबर 2021 को केबल टीवी सेवाओं में बाजार संरचना/प्रतिस्पर्धा पर परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 नवंबर 2021 और प्रति टिप्पणी, यदि कोई हो, 6 दिसंबर 2021 तक निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों ने केबल टीवी सेवाओं में बाजार संरचना/प्रतिस्पर्धा पर परामर्श पत्र पर अपनी टिप्पणी भेजने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। इसे ध्यान में रखते हुए, लिखित टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को 6 दिसंबर 2021 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्रति-टिप्पणियां भी 20 दिसंबर 2021 तक जमा की जा सकती हैं। और विस्तार के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को ईमेल:- advbcs-2@trai.gov.in और jtadv-bcs@trai.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजा जा सकता है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष क्र. +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा